सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-506
18/10/2017

मुख्यमंत्री ने प्रकाश पर्व दीपावली की बधाई एवं शुभकामनाएँ दी

पटना, 18 अक्टूबर 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने प्रकाश पर्व दीपावली की प्रदेश और देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाऐं दी हैं।

अपने शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रकाश पर्व दीपावली अंधकार पर प्रकाश, अज्ञान पर ज्ञान और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। यह अंधेरे से उजाले का संकल्प एवं प्रकाश का महापर्व है। अनेकता में एकता की मिसाल हमारी संस्कृति और भारतीय मनीषा 'असतो मा सद्गमय, तमसो मा ज्योर्तिगमय, मृत्योर्माऽमृतं गमय' के शुभ संकल्प का संदेश देती है।

मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि दीपावली का पर्व प्रदेश में सद्भाव और विकास की किरणों एवं यहॉ के लोगों के जीवन में सुख, शान्ति, समृद्धि और उत्साह के प्रकाश से लोगों के मन के अंधकार को भी दूर करे।

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को आह्वान किया है कि वे प्रकाश पर्व दीपावली को पारस्परिक सौहार्द्र, सद्भाव और उल्लास के साथ मनाऍ।

******